**श्री महामाया बालासुन्दरी जी मन्दिर न्यास त्रिलोकपुर ,नाहन,सिरमौर,हिमाचल प्रदेश**
maabalasundariji@gmail.com 01702-239050 www.maabalasundarijitrust.com

## निविदा फ़ॉर्म -पार्ट -1 सफाई कार्य वार्षिक आधार पर

| | | | |
|---|---|---|---|
| **जॉब नंबर : 3** | **विषय : सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था** | **फ़ॉर्म की फ़ीस: 500/-** | **धरोहर राशि : 50,000/-** |
| **फ़ॉर्म जारी होने तथा जमा होने की अवधि**<br>**11-09-2026 से 01-10-2026 साँय 5:00pm** | | **निविदाएं खुलने की तिथि एवं समय :**<br>**03 –10- 2026 , 12:30 PM** | |
| निविदाकर्ता /फर्म का नाम | | | |
| निविदाकर्ता का पूरा पता | | | |
| पहचान हेतु संलग्न दस्तावेज<br>(आधार/ ड्राइविंग लाइसेन्स /अन्य) | | | |
| फ़ॉर्म फ़ीस जमा करने की तिथि एवं माध्यम का विविरण (कैश / ऑन लाइन ) | | | |
| यदि किसी अन्य को ऑथराइज़ किया है तो उसका नाम,पता व अथॉरिटी पत्र संलग्न करें | | | |
| दूरभाष यदि हो | | | |
| क्या Annexure-A, तकनीकि बिड में वांछित जानकारी भर दी गई है व दस्तावेज संलग्न किए गए है (हाँ /नहीं ) | | | |
| क्या Annexure-B, वित्तिय बिड में राशि भर दी गई है (हाँ /नहीं ) | | | |
| क्या तकनीकि बिड तथा वित्तिय बिड को अलग अलग लिफ़ाफ़े में डाल कर उन पर तकनीकि बिड तथा वित्तिय बिड के साथ साथ विषय वस्तु के अंकित किया है (हाँ /नहीं) | | | |
| घोषणा : मैं / हम घोषणा करते है कि निविदा की समस्त शर्ते मैंने / हमने पढ़ ली है, जो मंजूर है ,यदि उपरोक्त सूचना अधूरी या झुठी पाई जाती है तो निविदा समिति किसी भी स्तर पर मेरे/हमारे निविदा फ़ॉर्म को अस्वीकृत करने के लिए अधिकृत होगी I | | | |

-------------------------

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
(कार्यालय मुहर सहित )

**Annexure -A**

## तकनीकी बिड (Technical Bid)

निविदा विषय : सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था **पार्ट -1 वार्षिक आधार पर** Job No.3

| क्रम | वांछित दस्तावेज | विवरण | | प्रतिलिपि संलग्न है हाँ /नहीं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PAN नंबर | | | हाँ /नहीं |
| 2 | GST नंबर | | | हाँ /नहीं |
| 3 | धरोहर राशि | कुल राशि | | हाँ /नहीं |
| | | डीडी नंबर | | |
| | | तिथि | | |
| 4 | समस्त शर्तों को स्वीकार करने का घोषणा पत्र | हाँ /नहीं | | |
| 5 | कोई भी मंदिर अधिकारी मंदिर कर्मचारी व न्यासी के परिवार का सदस्य न होने का शपथ पत्र | हाँ /नहीं | | |
| 6 | ब्लेकलिस्ट न होने का घोषणा पत्र | हाँ /नहीं | | |

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने टेन्डर डॉक्युमेंट् की समस्त शर्तें पढ़ ली है और मुझे स्वीकार है

**हस्ताक्षर :** -----------------

**निविदाकर्ता का नाम :** --------------

**पता :**

**संपर्क सूत्र :**

**(नोट : क्रम संख्या 1 से 6 तक के सभी कालम सही तरह से भरने उपरांत दस्तावेजों की प्रतिलिपियाँ इस प्रपत्र के साथ संलग्न करें )**

MBS(TT)

**Annexure -B**

## वित्तीय बिड (Financial Bid)

**निविदा विषय/कार्य : सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था पार्ट -1 वार्षिक आधार पर Job No.3**

| मद | दर/मूल्य अंकों में A | जीएसटी B | कुल राशि अंकों में C (A+B) | कुल राशि शब्दों में D |
|---|---|---|---|---|
| सड़कों व गलियों की सफाई | | | | |
| न्यास के मंदिर परिसर , भवनों व शौचालयों की सफाई | | | | |
| कुल योग | | | | |

नोट : सम्पूर्ण कार्य हेतु कुल राशि कॉलम (A+B) मे एकमुश्त दर्शाएँ।

हस्ताक्षर : -----------------

निविदाकर्ता का नाम : ---------------

पता :

संपर्क सूत्र :

नोट : कृपया राशि में cutting / overwriting न करें, यदि आवश्यक हो तो हस्ताक्षरित करना न भूले ।

MBS(TT)

# कार्य क्षेत्र

## कार्य का नाम : सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था वार्षिक आधार पर

**1- सड़कों व गलियों की सफाई :**

(क) मुख्य मंदिर त्रिलोकपुर को आने वाली समस्त सड़कों की सफाई व्यवस्था HIMUDA पार्किंग , बाय पास मार्ग , टेडि बरोटी मार्ग पर मंदिर पार्किंग तक तक करनी होगी । जिसमे सड़क के दोनों ओर खाली जगह पार्क व ओपन ड्रैनिज की गंदगी को साफ करना होगा।

(ख)मंदिर धर्मशाला के समीप भंडारा हॉल के बाहरी मार्ग व पार्किंग स्थल की सफाई, स्कूल ग्राउंड ,स्टाफ कॉलोनी के आसपास का क्षेत्र , भंडारा हॉल से कूड़ा एकत्रित करना ,यात्री निवास रोड , मंदिर के स्वामित्व वाले समस्त भवनों तक पहुंच मार्ग की सफाई कार्य, पानीपत सराय के पीछे व शिव मंदिर , ध्यानु भगत , जलपान गृह , प्रशासनिक भवन व शिव मंदिर तालाब परिसर की सफाई।

(ग) मंदिर परिक्षेत्र त्रिलोकपुर व ग्राम त्रिलोकपुर क्षेत्र मे स्थापित समस्त कूड़ादानों व शौचालय स्थित कूड़ादान से कूड़ा एकत्रित कर एम.सी. नाहन के बोगरिया घाट स्थित डम्पयार्ड जिसके लिए वाहन तेल सहित ट्रैक्टर ट्रॉली मंदिर न्यास द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा <u>लेकिन ठेकेदार को स्वयं लाइसेंस धारक ड्राइवर रखना होगा।</u> वाहन का रखरखाव डीज़ल व उपयोग का जिम्मा मंदिर न्यास के ड्राइवर विजय नेगी का होगा , ठेकेदार को प्रतिदिन मंदिर के चालक श्री विजय नेगी से समन्वय स्थापित कर लॉग बुक भी अपडेट करनी होगी। वाहन से सम्बन्धित समस्त व्यय मंदिर प्रभारी से सत्यापन के बाद ही भुगतान किए जाएंगे।

(घ) सफाई कार्य प्रातः 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक शिफ्टों में सुनिश्चित हो ताकि रातभर का कचरा श्रद्धालुओं के आगमन से पूर्व आसानी से उठवाया जा सके। चूने का छिड़काव समस्त क्षेत्र में प्रत्येक तीसरे दिन व साथ ही प्रत्येक रविवार, अष्टमी, चौदस को भी सुनिश्चित की जाये जिसकी आपूर्ति ठेकेदार को स्वयं करनी होगी। कार्य स्वीकृति उपरान्त फर्म/ठेकेदार को निर्धारित मात्रा में सामान की आपूर्ति जैसे चूना, फिनाइल, रोगाणुनाशक दवाईयों के प्रयोग सहित शर्तों अनुसार कार्य की पुष्टि हेतु न्यास के सहायक अभियंता मंदिर न्यास से प्रमाणन आवश्यक होगा।

(ङ) सफाई कर्मियों के ठेकेदार को छिड़काव हेतु सफेद चूना, टोकरियाँ, फिनायल/रोगाणुनाशक/ओडोनिल/बेलचे, रस्सी व कस्सी मलबा दबाने व पल्ली, रेहड़ियाँ आदि आवश्यकता अनुसार उपलब्ध रखना होगा तथा तथा सम्पूर्ण अवधि में सफाई कार्य सुनिश्चित करना होगा जिसकी जांच/पुष्टि न्यास के प्राधिकृत सूपर्वाइज़र द्वारा की जाएगी। ठेकेदार द्वारा तैनात सफाई कर्मचारियों के कार्य का समय-समय पर निरीक्षण करना होगा। सफाई कर्मचारियों की तैनात जरूरत के हिसाब से ठेकेदार द्वारा सुनिश्चित करनी होगी। यदि मंदिर

प्रभारी को लगता है कि किसी जगह व समय तैनात कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त नहीं है तो मंदिर प्रभारी के हिसाब से तुरंत सफाई कर्मचारी तैनात करने होंगे।

**2- न्यास के मंदिर परिसर , भवनों व शौचालयों की सफाई :**

इस मद मे सफाई हेतु कार्य क्षेत्र निम्नानुसार होगा :-

क मंदिर परिसर :- मुख्य मंदिर परिसर , शिव मंदिर परिसर , ध्यानु भगत मंदिर परिसर , पुरानी सराय में शू रेक रखरखाव व मुख्य मंदिर प्रवेश द्वार पर पाद प्रक्षालन क्षेत्र की निरंतर सफाई हेतु एक-एक अटेंडेंट रखना होगा।

ख न्यास के भवन : विश्राम गृह , मंदिर कार्यालय , भंडारा हाल, पानीपत सराय, यात्री भवन, जलपान केंद्र , प्रशासनिक भवन ,संग्राहल्य , यात्री निवास।

ग शौचालय : मुख्य मंदिर मे कार्यरत कर्मचारियों का शौचालय, मेला प्रवेश द्वार के पास स्थित शौचालय, विश्राम गृह , पानीपत सराय , बस स्टॉप पानीपत सराय के पीछे सार्वजनिक शौचालय , शिव मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय, प्रशासनिक भवन ,संग्राहल्य , यात्री निवास , यात्री भवन , मेला ड्यूटी मैजिस्ट्रैट व वाच टावर । सार्वजनिक शोचलयों को कर्मचारी सहित प्रतिदिन 24 घंटे खुला रखना सुनिश्चित करना होगा।

उपरोक्त मंदिर परिसर , भवनों व शौचालयों मे ठेकेदार को सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। सफाई मे उपयोग होने वाली सामग्री की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होगी जिसका व्यय मंदिर न्यास नहीं करेगा। सफाई हेतु सफाई कर्ताओं की तैनाती यथोचित रूप मे सुनिश्चित करनी होगी जिससे समय पर सभी क्षेत्रों की सफाई हो सके ।

नोट :- सफाई व्यवस्था के लिए तैनात कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा पहचान पत्र व वर्दी जारी करनी होगी तथा सफाई कर्मी को निर्देश देने होंगे कि वह अपनी तैनाती के दौरान वर्दी पहनना व पहचान पत्र साथ रखना सुनिश्चित करे। पहचान पत्र पर ठेकेदार का दूरभाष नंबर अंकित होना आवश्यक होगा जिससे किसी भी प्रकार की शिकायत का निपटान मौका पर ही हो सके। सफाई कर्मचारियों को श्रद्धालुओं के साथ हमेशा विनम्र व्यवहार करना होगा अतः उसके व्यवहार व कार्य का निरीक्षण मंदिर न्यास के न्यासियों , कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा कभी भी किया सकता है।

MBSITT

यदि किसी सफाई कर्मचारी के काम से न्यास असन्तुष्ट होगा तो ठेकेदार को उस कर्मचारी को हटाना होगा

**सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था वार्षिक आधार पर करने के लिए आमंत्रित निविदाओं की शर्तें**

1- तकनीकी बिड और वित्तीय बिड दो अलग-अलग सील बंद लिफाफों में होनी चाहिए। इन दोनों लिफाफों को फिर एक बड़े लिफाफे में डाल कर सील किया होना चाहिए, जिस पर "Quotations for the Sanitation Services " लिखा हो। वित्तीय बिड केवल उन्हीं निविदाकर्ताओं की खोली जाएगी जो तकनीकी रूप से पात्र पाए जाएंगे। तकनीकी बिड में दरों/कीमतों का उल्लेख नहीं होना चाहिए।

2- तकनीकी बिड को अनुलग्नक -A (Annexure-A) के अनुरूप संलग्न करें, वित्तीय बिड को अनुलग्नक- B (Annexure-B) के रूप में संलग्न करें। तकनीकी बिड के साथ अनुलग्नक -A में दर्शाए गए वांछित दस्तावेजों की प्रीतिलपी संलग्न करना अनिवार्य है। पेन ,जीएसटी पंजीकरण संख्या,ब्लेककलिस्ट न होने बारे शपथ पत्र की प्रतिलिपि तकनीकी बिड के साथ संलग्न करें I

3- ठेकेदार/फर्म किसी भी सरकारी संस्थान/PSU/बोर्ड द्वारा काली सूची (Blacklist) में नहीं डाली गई होनी चाहिए। जिस के लिए निविदाकर्ता द्वारा शपथ पत्र देना अनिवार्य है I निविदाकर्ता को को इस आशय का शपथ पत्र भी देना होगा कि वह मंदिर न्यासी ,मंदिर अधिकारियों व कर्मचारियों के पंचायती राज ऐक्ट में परिभाषित परिवार का सदस्य नहीं है I यदि यह शपथ पत्र झूठा पाया जाएगा तो उस फर्म /व्यक्ति के खिलाफ न्यास द्वारा न्यायोचित दंडनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और किए गए कार्य की पेमेंट जारी नहीं की जाएगी।

4- तकनीकी बिड के साथ **50,000/- रुपये** की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट (DD) के रूप में संलग्न होनी चाहिए, जो **"Temple Officer, Temple Trust Trilokpur"** के पक्ष में देय हो । बिना धरोहर राशि या अधूरी राशि वाली निविदाएं सीधे खारिज कर दी जाएंगी।

5- सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी , किसी भी देरी व त्रुटि पर अनुबंध मूल्य का 0.5% प्रति दिन की दर से जुर्माना शुल्क वसूला जाएगा, जो अधिकतम 10% तक हो सकता है।

6- बिलों का भुगतान **सहायक अभियंता की अध्यक्षता मे बनी सफाई समिति जिसमे अधीक्षक ग्रैड -2 , सफाई सुपरवाइज़र , एक गैर सरकारी न्यासी** की संतोषजनक रिपोर्ट **निर्धारित प्रारूप** के आधार पर यथोचित धन की उपलबद्धतता उपरांत ही किया जाएगा I

7- मंदिर अधिकारी, मंदिर ट्रस्ट त्रिलोकपुर के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

8- करों की दरों के साथ स्पष्ट रूप से अलग से दिखाना होगा, यदि अलग से नहीं दिखाया गया, तो उन्हें कुल लागत में शामिल माना जाएगा । दरें शब्दों और अंकों दोनों में लिखी होनी चाहिए ,कोई सुधार (Correction) नहीं किया जाना चाहिए । यदि सुधार आवश्यक हो, तो उस पर हस्ताक्षर होने चाहिए

9- इस समझौते से संबंधित सभी विवादों का निपटारा सिरमौर स्थित नाहन के अधिकार क्षेत्र में होगा। समिति पहले तकनीकी बिड और वांछित दस्तावेजों की जांच करेगी, उसके बाद ही तकनीकी बिड में सफल निविदाकर्ताओं की वित्तीय बिड खोली जाएगी।

10-L-1 का निर्णय निविदा की कुल मद राशि के आधार पर किया जाएगा, मंदिर अधिकारी न्यूनतम निविदा L-1 को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं और वह किसी एक या एक से अधिक कार्य के लिए निविदा को आंशिक रूप से भी स्वीकार कर सकते हैं।

11-यदि L-1 की दरें पिछले मेले से बहुत अधिक पाई जाती है तो निविदा समिति L-1 वाले निविदाकर्ता के साथ मोल भाव कर अंतिम न्यूनतम दरों का अनुमोदन करने के लिए स्वतंत्र है, यदि L-1 निविदाकर्ता समिति के साथ अपनी सहमति नहीं देता है तो समिति L-2 के साथ मोल भाव कर सकती है ।

12-समस्त बिल “श्री महामाया मंदिर ट्रस्ट त्रिलोकपुर" (GSTIN No 02AACTS9233M1Z9) के नाम पर ही स्वीकार्य होंगे तथा नियमानुसार TDS की कटौती के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा

13-सफल बोलीदाताओं की धरोहर राशि बिना ब्याज के एक महीने के भीतर लौटा दी जाएगी। सफल बोली दाता की राशि सुरक्षा जमा (Security Deposit) में बदल दी जाएगी।

14-उक्त कार्य / ठेका की अवधि अवार्ड **<u>लेटर जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगा</u>** । यदि फर्म द्वारा आवंटित ठेका /कार्य संतोषजनक पूर्ण किया जाना पाया जाता है तो खरीद फरोख्त समिति की सिफारिश पर आयुक्त मंदिर न्यास के अनुमोदन उपरांत उसकी दरों को अगले एक वर्ष के लिए मान्य किया जा सकता है ।

15-ठेकेदार /फर्म को ब्यान हलफ़नामा तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना होगा कि उसे समस्त शर्तें स्वीकार्य है व ठेका / कार्य बीच में छोड़ कर जाने की या ठेका सब्लेट करने की स्थिति में धरोहर राशि जब्त करने सहित फर्म को भविष्य के लिए ब्लेकलिस्ट किया जा सकता है ।

16-हर तिमाही मे न्यास द्वारा ठेकेदार के कार्य की समीक्षा की जाएगी और यदि उसका काम संतोषजनक नहीं पाया जाता तो L-2 निविदाकर्ता के साथ मोलभाव (negotiation) के आधार पर कार्य आबंटित किया जाएगा।

17-सफाई कर्मचारी द्वारा किसी भी आपराधिक घटना के लिए संबंधित ठेकेदार जिम्मेदार होगा तथा ठेकेदार के कर्मचारियों की सेवाओं से संबंधित मामलों मे न्यास का किसी भी तरह दायित्व नहीं होगा। ठेकेदार किसी भी इसे कर्मचारी की तैनाती नहीं करेगा जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो।

18-ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा की उसका कोई भी कर्मचारी शराब व अन्य नशे का आदि नहीं है, यदि किसी कर्मचारी के शराब व अन्य नशे में होने की शिकायत प्राप्त होती है तो ठेकेदार को एसे कर्मचारी को तुरंत हटाना होगा अन्यथा ठेकेदार से मुबलिक 10000/- रूपीये बतौर जुर्माना राशि वसूल की जाएगी ।

**श्री महामाया बालासुन्दरी जी मन्दिर न्यास त्रिलोकपुर ,नाहन,सिरमौर,हिमाचल प्रदेश**
maabalasundariji@gmail.com 01702-239050 www.maabalasundarijitrust.com

**निविदा फ़ॉर्म - पार्ट -2 आश्विन मेला 2026 के दौरान सम्पूर्ण सफाई कार्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **जॉब नंबर : 3 A** | **विषय : आश्विन मेला 2026 के दौरान सम्पूर्ण सफाई** | **फ़ॉर्म की फ़ीस: 500/-** | **धरोहर राशि : 25,000/-** |

| | |
|---|---|
| **फ़ॉर्म जारी होने की तिथि : 11-09-2026 से 01-10-2026 साँय 5:00pm** | **निविदाएं खुलने की तिथि एवं समय : 03 –10- 2026 , 12:30 PM** |
| निविदाकर्ता /फर्म का नाम | |
| निविदाकर्ता का पूरा पता | |
| पहचान हेतु संलग्न दस्तावेज (आधार/ ड्राइविंग लाइसेन्स /अन्य) | |
| फ़ॉर्म फ़ीस जमा करने की तिथि एवं माध्यम का विविरण (कैश / ऑन लाइन ) | |
| यदि किसी अन्य को ऑथराइज़ किया है तो उसका नाम,पता व अथॉरिटी पत्र संलग्न करें | |
| दूरभाष यदि हो | |
| क्या Annexure-A, तकनीकि बिड में वांछित जानकारी भर दी गई है व दस्तावेज संलग्न किए गए है (हाँ /नहीं ) | |
| क्या Annexure-B, वित्तिय बिड में राशि भर दी गई है (हाँ /नहीं ) | |
| क्या तकनीकि बिड तथा वित्तिय बिड को अलग अलग लिफ़ाफ़े में डाल कर उन पर तकनीकि बिड तथा वित्तिय बिड के साथ साथ विषय वस्तु के अंकित किया है (हाँ /नहीं) | |
| घोषणा : मैं / हम घोषणा करते है कि निविदा की समस्त शर्ते मैंने / हमने पढ़ ली है, जो मंजूर है ,यदि उपरोक्त सूचना अधूरी या झुठी पाई जाती है तो निविदा समिति किसी भी स्तर पर मेरे/हमारे निविदा फ़ॉर्म को अस्वीकृत करने के लिए अधिकृत होगी I | |

-------------------------

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
(कार्यालय मुहर सहित )

**Annexure -A**

# तकनीकी बिड (Technical Bid)

निविदा विषय : **पार्ट -2 आश्विन मेला 2026 के दौरान सम्पूर्ण सफाई कार्य**

| क्रम | वांछित दस्तावेज | विवरण | | प्रतिलिपि संलग्न है हाँ /नहीं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PAN नंबर | | | हाँ /नहीं |
| 2 | GST नंबर | | | हाँ /नहीं |
| 3 | धरोहर राशि | कुल राशि | | हाँ /नहीं |
| | | डीडी नंबर | | |
| | | तिथि | | |
| 4 | समस्त शर्तों को स्वीकार करने का घोषणा पत्र | | | हाँ /नहीं |
| 5 | कोई भी मंदिर अधिकारी मंदिर कर्मचारी व न्यासी के परिवार का सदस्य न होने का शपथ पत्र | | | हाँ /नहीं |
| 6 | ब्लेकलिस्ट न होने का घोषणा पत्र | | | हाँ /नहीं |

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने टेन्डर डॉक्युमेंट् की समस्त शर्तें पढ़ ली है और मुझे स्वीकार है

**हस्ताक्षर : ------------------------**

**निविदाकर्ता का नाम : ----------------------**

**पता :**

**संपर्क सूत्र :**

**नोट : क्रम संख्या 1 से 6 तक के सभी कालम सही तरह से भरने उपरांत दस्तावेजों की प्रतिलिपियाँ इस प्रपत्र के साथ संलग्न करें**

MBS(IT)

**Annexure -B**

## वितीय बिड (Financial Bid)

**निविदा विषय/कार्य : आश्विन मेला 2026 के दौरान सम्पूर्ण सफाई कार्य**

## Job No.3 A

| दर/मूल्य अंकों में | जीएसटी | कुल राशि अंकों में | कुल राशि शब्दों में |
|---|---|---|---|
| | | | |

MBS(TTI)

**हस्ताक्षर :** ------------------------

**निविदाकर्ता का नाम :** -----------------------

**पता :**

**संपर्क सूत्र :**

नोट : कृपया राशि में cutting / overwriting न करें, यदि आवश्यक हो तो हस्ताक्षरित करना न भूले I

# कार्य क्षेत्र व अन्य शर्तें

# कार्य का नाम : आश्विन नवरात्र मेला 2026 क्षेत्र की सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था

ग्राम त्रिलोकपुर के आस पास के छोटे गांव जैसे क्यारवाला,पुलेवाला,ओगलवाला,मेहरांवाली गली ,पोठियों व बुडडियों ग्रामों में एकत्रित कूड़ा मेले के दौरान व मेला उपरान्त भी पूरी तरह साफ करवाना सुनिश्चित करना होगा।

(i) ग्राम त्रिलोकपुर की समस्त गलियों ,नालियों तथा सड़क के साथ लगती बरसाती नदी नालों व खडड की सफाई, ग्राम त्रिलोकपुर की समस्त गलियों ,नालियों की सफाई, मन्दिर परिसर में डस्ट बिन्स में जमा कूड़ा ,

(ii) मुख्य सड़क मन्दिर से लेकर खैरी पूल तक, सड़क व नदी नालों की गन्दगी सफाई ,मन्दिर धर्मशाला के समीप पार्किंग स्थल तथा हिमूडा पार्किंग स्थल सहित समस्त पार्किंग क्षेत्र मेला बस स्टेण्ड सहित ।

(iii) स्कूल ग्राउण्ड व आस पास का क्षेत्र ,शिव मन्दिर तालाब परिसर।

(iv) यात्री निवास मार्ग व यात्री निवास का बाहरी परिसर ,

(v) मेला बस स्टेण्ड व समस्त मेला क्षेत्र में चूना व कीटनाशक छिड़काव ,

(vi) हिमुडा पार्किंग से खैरी पुल तक त्रिलोकपुर मार्ग सफाई कार्य ,

(vii) प्रतिदिन भण्डारा ब्लॉकों की सफाई व सभी प्रकार का कचरा व पत्तलें ट्राली में भरना सुनिश्चित करना होगा।

(viii) बाईपास रोड़ पर पूर्ण मेला अवधि में अस्थाई शौचालयों का रखरखाव।

(ix) अन्य कार्य न्यास के सहायक अभियंता एवम् प्रभारी मन्दिर तथा न्यास के मौका सुपरवाईजरों के निर्देशानुसार ।

मेला उपरान्त सम्पूर्ण मेला क्षेत्र व ग्राम त्रिलोकपुर में पूर्ण सफाई व्यवस्था व गन्दगी का पूर्ण निष्कासन सुनिश्चित करना होगा।

कूडा एकत्रित करने के लिए मेला क्षेत्र में 13 खाली ट्रालियों का निम्नानुसार तैनात करना होगा जिनका निष्कासन प्रतिदिन ट्रेक्टर के माध्यम से नाहन बोगरिया घाट स्थित डम्पयार्ड तक स्वयम् पहूँचाना होगा ताकि मेला क्षेत्र में दुर्गन्ध /प्रदूषण न हो। कचरा निष्कासन हेतु कम से कम दो ट्रेक्टर अवश्य तैनात होने चाहिएं ताकि कचरा ढ़ोने में देरी न हो। ट्रालियों की संख्या कम पाये जाने पर 500रु प्रति अनुसार बिल से कटौती की जाएगी। प्रतिदिन ट्राली हेतु जगह उपलब्ध न होने पर अन्य स्थान पर पार्किंग की जाए।

| | | |
|---|---|---|
| i) | मन्दिर सराय पार्किंग | 2 |
| ii) | भण्डारा हॉल के समीप | 1 |
| iii) | स्कूल गेट के पास | 1 |
| iv) | अग्रवाल सराय के पास | 1 |
| v) | यात्री निवास के बाहर | 1 |
| vi) | गोल चक्कर समीप स्वागत द्वार | 1 |
| vii) | मेला भण्डारा मैदान | 1 |
| viii) | धोली ढ़ांग के पास | 1 |
| ix) | पार्किंग शौचालय के पास | 1 |
| x) | हिमूडा पार्किंग स्थल | 1 |
| xi) | ट्रैक्टर पार्किंग स्थल | 2 |
| xii) | ललिता देवी | 1 |
| | **कुल ट्रालियॉ** | **14** |

MPSIT

उपरोक्त ट्रालियों का कचरा प्रतिदिन निर्धारित डम्पयार्ड पर ट्रैक्टर द्वारा खाली करनी होगी। अगर ठेकेदार द्वारा निर्धारित क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य कहीं ओर खुले में कूड़ा डाला जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

1. ठेकेदार के समस्त सफाई कर्मचारी मन्दिर न्यास के सहायक अभियंता तथा सुपरवाईजर को रिर्पोट करेंगें। ठेकेदार मेले से चार दिन पूर्व अपने सभी कर्मचारियों के पहचान पत्र मन्दिर कार्यालय से जारी करवाएं ताकि जब सफाई कर्मचारी डियुटि पर आये तब वर्दी व पहचान पत्र सहित तैनात किया जाए।

2. मेला दिवस **से** तीन दिन पूर्व सफाई कार्य प्रातः 8 बजे प्रारम्भ होना चाहिए तथा मेला अवधि के दौरान प्रतिदिन का कार्य सुबह 5 बजे प्रारम्भ होना चाहिए ताकि रात भर का कचरा श्रद्धालुओं के आने से पूर्व आसानी से उठावाया जा सके व समस्त सफाई कर्मियों को निरन्तर सफाई कार्य करना होगा। रात्री के समय भी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी जिसके उपरान्त प्रतिदिन चूने का छिड़काव तथा कीटनाशक छिड़काव उपकरणों सहित भी सुनिश्चित किया जाए।

3. छिड़काव हेतु चार कर्मचारी अलग से तैनात करने होंगें जो केवल मेला क्षेत्र में प्रतिदिन कीट नाशक दवाईयों  का स्प्रे सुनिश्चित करेंगें। छिड़काव समस्त मंदिरों भवनों , बाजार ,सम्पूर्ण मेला क्षेत्र  में प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाए

4. सफाई कर्मियों के ठेकेदार को उक्त अवधि में अग्रलिखित सामान अपने खर्चे पर सफाई हेतु लाना होगा ; रेहड़ी ,टोकरियॉं , पल्लियॉं , बेलचे ,रस्सी व कस्सी मलबा दबाने के लिए व चूना पावडर व कीटनाशक दवाईयॉं,फिनायल व स्प्रे कार्य हेतु पम्प सहित

5. **सफाई क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित कर कार्य सुनिश्चित** किया जाए जिसे पृथक–पृथक सुपरवाईजर ठेकेदार द्वारा रख कर कार्य किया जायें। सुपरवाईजरों का नियन्त्रण व कार्य सुनिश्चित करवाने के लिए **इन सुपरवाईजरों के नम्बर डियुटि मैजिस्ट्रेट्स** व मंदिर प्रभारी **को** उपलब्ध करवाए जाए जो समय –2 पर सफाई औचक निरीक्षण कर सकते हैं।

6. ठेकेदार मेले से चार दिन पहले समस्त कर्मचारियों की सूची उम्र के प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड व फोटो सहित मन्दिर सहायक अभियंता /सुपरवाईजर त्रि.म.न्यास को उपलब्ध करवाएगें ताकि पहचान पत्र जारी किए जा सकें। सभी सफाई सुपरवाईजरों को अलग रंग की व अन्य सफाई कर्मचारियों को रंगीन रेडियम जैकिट व पहचान पत्र पहनना अनिवार्य होगा जिस पर प्रत्येक कर्मचारी का सूची नम्बर लिखवाया जाए। ठेकेदार द्वारा नियुक्त कोई भी **कर्मचारी नाबालिक नही होना** चाहिए इसकी अनुपालना न होने पर ठेकेदार कानूनी प्रक्रिया उल्लंघन के लिए स्वयम् जिम्मेदार होगा।

7. ठेकेदार द्वारा मेला क्षेत्र से एकत्रित कूड़ा आदि ट्रैक्टर के माध्यम से , जो कि पूरी तरह से ढ़का होना चाहिए , नाहन स्थित बोगरिया के पास म्युनिसिपल कमेटी के स्थित डमपयार्ड में कूड़ा भिजवाना होगा जिस हेतु निर्धारित फीस की राशि म्युनिसिपल कमेटी कार्यालय में ठेकेदार द्वारा निर्धारित स्थल हेतु स्वयम् ही जमा करवानी होगीं। इसके अतिरिक्त यदि ठेकेदार को कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की चोरी या अन्य घटना में संलिप्त पाया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी भी ठेकेदार की ही होगी।

8. मेला समाप्ति के पश्चात त्रिलोकपुर गांव के आवासीय क्षेत्र में फोगिंग करनी होगी व सफाई उपरान्त सफाई समिति जिसमें गैर सरकारी न्यासी भी शामिल होंगें से प्रमाण पत्र प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान राशि जारी कर जाएगी।

**आश्विन नवरात्र मेला ,महामाया बालासुंदरी जी त्रिलोकपुर ,2026 में मेला क्षेत्र की सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था के लिए आमंत्रित निविदाओं की शर्तें**

1- तकनीकी बिड और वित्तीय बिड दो अलग-अलग सील बंद लिफाफों में होनी चाहिए। इन दोनों लिफाफों को फिर एक बड़े लिफाफे में डाल कर सील किया होना चाहिए, जिस पर "Quotations for the Sanitation Services " लिखा हो। वित्तीय बिड केवल उन्हीं निविदाकर्ताओं की खोली जाएगी जो तकनीकी रूप से पात्र पाए जाएंगे। तकनीकी बिड में दरों/कीमतों का उल्लेख नहीं होना चाहिए।

2- तकनीकी बिड को अनुलग्नक -A (Annexure-A) के अनुरूप संलग्न करें, वित्तीय बिड को अनुलग्नक-B (Annexure-B) के रूप में संलग्न करें। तकनीकी बिड के साथ अनुलग्नक -A में दर्शाए गए वांछित दस्तावेजों की प्रीतिलपी संलग्न करना अनिवार्य है। पेन ,जीएसटी पंजीकरण संख्या,ब्लेककलिस्ट न होने बारे शपथ पत्र की प्रतिलिपि तकनीकी बिड के साथ संलग्न करें।

3- ठेकेदार/फर्म किसी भी सरकारी संस्थान/PSU/बोर्ड द्वारा काली सूची (Blacklist) में नहीं डाली गई होनी चाहिए। जिस के लिए निविदाकर्ता द्वारा शपथ पत्र देना अनिवार्य है। निविदाकर्ता को को इस आशय का शपथ पत्र भी देना होगा कि वह मंदिर न्यासी ,मंदिर अधिकारियों व कर्मचारियों के **पंचायती राज ऐक्ट में परिभाषित परिवार का सदस्य नहीं है।** यदि यह शपथ पत्र झूठा पाया जाएगा तो उस फर्म /व्यक्ति के खिलाफ न्यास द्वारा न्यायोचित दंडनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और किए गए कार्य की पेमेंट जारी नहीं की जाएगी।

4- तकनीकी बिड के साथ **25 000/- रुपये** की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट (DD) के रूप में संलग्न होनी चाहिए, जो **"Temple Officer, Temple Trust Trilokpur"** के पक्ष में देय हो । बिना धरोहर राशि या अधूरी राशि वाली निविदाएं सीधे खारिज कर दी जाएंगी।

5- मेला प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी जो मेला समाप्त होने के बाद तीन दिनों या मेला क्षेत्र की सम्पूर्ण सफाई तक जारी रहेगी। किसी भी देरी व त्रुटि पर अनुबंध मूल्य का 0.5% प्रति दिन की दर से जुर्माना शुल्क वसूला जाएगा, जो अधिकतम 10% तक हो सकता है।

6- बिलों का भुगतान समिति /सूपरवाईज़र /सहायक अभियंता की संतोषजनक रिपोर्ट के आधार पर यथोचित धन की उपलबद्धतता उपरांत ही किया जाएगा। न्यासियों की एक कमेटी जो सत्यापित करेगी कि त्रिलोकपुर ग्राम के रिहाइशी क्षेत्रों में सही रूप से कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव व fogging हुई है या नहीं

7- मंदिर अधिकारी, मंदिर ट्रस्ट त्रिलोकपुर के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

8- करों की दरों के साथ स्पष्ट रूप से अलग से दिखाना होगा, यदि अलग से नहीं दिखाया गया, तो उन्हें कुल लागत में शामिल माना जाएगा। दरें शब्दों और अंकों दोनों में लिखी होनी चाहिए ,कोई सुधार (Correction) नहीं किया जाना चाहिए । यदि सुधार आवश्यक हो, तो उस पर हस्ताक्षर होने चाहिए

9- इस समझौते से संबंधित सभी विवादों का निपटारा सिरमौर स्थित नाहन के अधिकार क्षेत्र में होगा।

10- समिति पहले तकनीकी बिड और वांछित दस्तावेजों की जांच करेगी, उसके बाद ही तकनीकी बिड में सफल निविदाकर्ताओं की वित्तीय बिड खोली जाएगी।

11- L-1) का निर्णय निविदा की कुल मद राशि के आधार पर किया जाएगा, मंदिर अधिकारी न्यूनतम निविदा (L-1) को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं और वह किसी एक या एक से अधिक कार्य के लिए निविदा को आंशिक रूप से भी स्वीकार कर सकते हैं।

12-यदि L-1 की दरें पिछले मेले से बहुत अधिक पाई जाती है तो निविदा समिति L-1 वाले निविदाकर्ता के साथ मोल भाव कर अंतिम न्यूनतम दरों का अनुमोदन करने के लिए स्वतंत्र है, यदि L-1 निविदाकर्ता समिति के साथ अपनी सहमति नहीं देता है तो समिति L-2 के साथ मोल भाव कर सकती है ।

13-**समस्त बिल "श्री महामाया मंदिर ट्रस्ट त्रिलोकपुर" (GSTIN No 02AACTS9233M1Z9)** के नाम पर ही स्वीकार्य होंगे तथा नियमानुसार TDS की कटौती के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा

14-सफल बोलीदाताओं की धरोहर राशि बिना ब्याज के एक महीने के भीतर लौटा दी जाएगी। सफल बोली दाता की राशि सुरक्षा जमा (Security Deposit) में बदल दी जाएगी।

15-उक्त कार्य / ठेका की अवधि अवार्ड **लेटर जारी होने की तिथि से आश्विन नवरात्र मेला 2026 के लिए मान्य होगा** । यदि फर्म द्वारा आवंटित ठेका /कार्य संतोषजनक पूर्ण किया जाना पाया जाता है तो खरीद फरोख्त समिति की सिफारिश पर आयुक्त मंदिर न्यास के अनुमोदन उपरांत उसकी दरों को चैत्र नवरात्र मेला 2027 के लिए मान्य किया जा सकता है ।

16-यदि फर्म द्वारा आवंटित ठेका /कार्य संतोषजनक पूर्ण किया जाना पाया जाता है तो खरीद फरोख्त समिति की सिफारिश पर आयुक्त मंदिर न्यास के अनुमोदन उपरांत उसकी दरों को अगले एक वर्ष के लिए मान्य किया जा सकता है ।

17-ठेकेदार /फर्म को ब्यान हलफ़नामा तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना होगा कि उसे समस्त शर्तें स्वीकार्य है व ठेका / कार्य बीच में छोड़ कर जाने की स्थिति में धरोहर राशि जब्त करने सहित फर्म को भविष्य के लिए ब्लेकलिस्ट किया जा सकता है ।

18-ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा की उसका कोई भी कर्मचारी शराब व अन्य नशे का आदि नहीं है, यदि **किसी कर्मचारी के शराब व अन्य नशे में होने की शिकायत प्राप्त होती है तो ठेकेदार** को एसे कर्मचारी को तुरंत हटाना होगा अन्यथा ठेकेदार से मुबलिक 10000/- रूपीये बतौर जुर्माना राशि वसूल की जाएगी ।

MBSTT